कब आओगे श्री राम | By Sunil Sarvottam

आ जाना प्रभु जी आ जाना
शबरी के द्वारे आ जाना

कब आओगे श्री राम तुम्हे शबरी बुलाती है
करने मेरा कल्याण तुम्हे शबरी बुलाती है

नित आपकी बाँट निहारे वो
नित घर आँगन को बुहारे वो
कहीं राम प्रभु के पग में कोई
काँटा ना चुभे जब आये वो
पल भर ना करे आराम तुम्हे शबरी बुलाती है

आ जाना प्रभु जी आ जाना
शबरी के द्वारे आ जाना

नित पथ में फूल बिछाती है
नित कुटिया को भी सजाती है
वो चुन चुन बेर जो लाती है
उन्हें चख चख रखती जाती है
इन्हे खाएंगे मेरे राम तुम्हे शबरी बुलाती है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%ac-%e0%a4%86%e0%a4%93%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-sunil-sarvottam/